卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक
# उत्तरांचल दर्पण
♦वर्ष 25 ♦अंक 344 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦20 सितम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया
darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कलेक्ट्रेट में गरजे बंगाली समाज के लोग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रादेशिक बंगाली कल्याण समिति के तत्वावधान में आज बंगाली समुदाय ने अपनी अनेक मांगों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी के नेतृत्व में कलैक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन कर सांकेतिक धरना दिया और तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।जिसमें बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों में बांग्ला भाषा लागू करने, समुदाय को अनुसूचित जाति का दर्जा दिलाने तथा बंगाली छात्रों के लिए गुरु चांद छात्रवृत्ति योजना को पुन: बहाल करने, बंग भवन का निर्माण करने व बंगाली पौड, माझी, नमोशुद्र जाति के बच्चों को छात्रवृति पुन: प्रदान करने आदि की मांग शामिल हैं। इससे पूर्व जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए बंगाली समाज के हजारों लोग गांधी पार्क में एकत्रित हुए जहां से अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में रवाना हुए।





जुलूस डीडी चौक, पशुराम चौक, अटरियां चौक, हल्द्वानी रोड, विकास भवन रोड होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचा जहां धरना प्रारम्भ किया गया। धरना स्थल पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हहुए वक्ताओं ने कहा कि बंगाली समाज पिछले कई दशकों से अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर निरन्तर आंदोलन कर रहा है। परन्तु समाज की मांगों की अभी तक उपेक्षा की जा रही है। जिसे बर्दाश्त नही किया जाऐगा। उन्होंने कहा कि राजनीति दल अपने निजी स्वार्थो की पूर्ति के लिए बंगाली समाज को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल (शेष पृष्ठ सात पर)

## ताबड़तोड़ फायरिंग से हड़कम्प,युवक गंभीर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शुक्रवार की रात्रि मौहल्ला खेड़ा में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के जिला असपताल ले जाया गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और आरोपियों की धड़पकड़ के लिए मुहिम शुरू कर दी। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। बताया जाता है कि खेड़ा निवासी रिजवान उर्फ रिजवी गत रात्रि करीब 11 बजें अपने मित्र साहिल पुत्र मुबराक अली व शाहरूख पुत्र फईम के साथ रेशमबाड़ी से अपने घर पर पैदल आ (शेष पृष्ठ 7 पर)



## ठगी के आरोपी को हरियाणा पुलिस ने किया गिरफ्तार

रुद्रपुर। ओमेक्स कालोनी निवासी पृथ्वी पाल सिंह को ठगी के एक मामले में हरियाणा पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी जमीन को लेकर हुई ठगी के मामले में की गयी है। बता दें पृथ्वीपाल सिंह पर पूर्व में भी धोखाधड़ी के आरोप लग चुके हैं। हाल ही में ओमेक्स निवासी व्यवसायी राजेश कुमार जंडवानी ने भी उसके खिलाफ पंतनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि पृथ्वी पाल सिंह ने उनके बेटों के साथ मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी और वाहन से टक्कर मारने की कोशिश भी की। इस मुकदमे की जांच अभी पंतनगर पुलिस कर ही रही थी कि इसी बीच हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। हरियाणा पुलिस की टीम ने यहां सिडकुल चौकी पहुंचकर मामले की जानकारी दी और सिडकुल पुलिस के सहयोग से आरोपी के घर में दबिश दी। बताया जाता है कि आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में कोई सहयोग नहीं किया जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह गिरफ्तारी फरीदाबाद में जमीन की खरीद को लेकर की गयी ठगी के मामले में की गयी है।

## सीएम ने नंदानगर में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

चमोली(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को चमोली जनपद के नंदानगर क्षेत्र में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित गांवों का स्थलीय निरीक्षण कर राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन भी दिया। मुख्यमंत्री सुबह खटीमा से सीधे नंदानगर क्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने सबसे पहले आपदा प्रभावित स्थलों का दौरा किया और वहां चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ितों की हर जरूरत को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री धामी ने राहत शिविरों में पहुंचकर भोजन, चिकित्सा, स्वच्छता, पेयजल एवं अस्थायी आवास जैसी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रभावित व्यक्ति को असुविधा न हो, इसके लिए त्वरित और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आपदा से बेघर हुए एवं पीड़ित परिवारों से सीधे संवाद किया। उन्होंने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा राज्य सरकार इस मुश्किल घड़ी में आपके साथ खड़ी है। हर जरूरी संसाधन, सहायता और सुविधा आपके लिए (शेष पृष्ठ सात पर)





## लव जिहाद पर हिंदुवादी संगठनों का हंगामा

रामनगर(उद संवाददाता)। शहर में एक नाबालिक किशोरी के साथ कथित लव-जिहाद मामले ने स्थानीय सामाजिक और राजनीतिक तनाव को बढ़ा दिया है। इस प्रकरण में नगर के कई हिंदूवादी संगठन पुलिस और प्रशासन से आरोपी के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही, कोचिंग सेंटरों की सूचीबद्ध जांच की भी मांग उठी है।घटना के विवरण के अनुसार, पीड़िता आठवीं कक्षा की छात्रा है और नगर के एक कोचिंग सेंटर जाती थी। बताया जाता है कि उसकी विशेष समुदाय की मित्र ने उसका परिचय एक युवक से कराया, जिसके बाद युवक ने लड़की को प्रेम जाल में फंसाया। इसके बाद ऐसी परिस्थितियाँ बनीं कि दो दिन पहले उसी विशेष समुदाय की युवती ने किशोरी को बुर्का दिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।शुक्रवार को, छात्रा स्कूल के लिए निकलने के बाद देर शाम तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी लोकेशन (शेष पृष्ठ सात पर)



## लोन दिलाने के नाम पर पीएसी कर्मी से 3.75 लाख की ठगी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रीत विहार निवासी एक पीएसी जवान से लोन दिलाने का झांसा देकर साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार प्रीत विहार वार्ड 25 निवासी गरीब दास पुत्र स्व. रामलाल, जो पीएसी की 46वीं बटालियन में चालक पद पर कार्यरत हैं ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2024 में उन्होंने अपने पुत्र का जाति प्रमाणपत्र बनवाने के लिए तहसील रुद्रपुर में संपर्क किया। इसी दौरान गांधी कॉलोनी निवासी मोहम्मद सलीम से उनकी मुलाकात हुई। आरोप है कि सलीम ने तहसील में अपनी जान-पहचान का हवाला देकर प्रमाणपत्र जल्दी बनवाने का भरोसा दिलाया और 2100 लेकर जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध भी करा दिया। इससे उसका विश्वास सलीम पर बढ़ गया। इसके बाद आरोपी ने पीड़ित को उनकी पत्नी के नाम पर सब्सिडी वाला लोन दिलाने का झांसा दिया और पंजाब नेशनल बैंक से अच्छे संबंध होने का दावा किया। आर्थिक तंगी झेल रहे गरीब दास उसकी बातों में आ गए और मार्जिन मनी के नाम पर अलग अलग किस्तों में करीब 3,75,402 रुपये आरोपी को खाते में ट्रांसफर करने व नगद देने के अलावा तीन ब्लैंक चेक भी सौंप दिए। पीड़ित के अनुसार, 19 दिसंबर 2024 को सलीम तीन अज्ञात व्यक्तियों को साथ लेकर उनके घर पहुंचा और उन्हें बैंक कर्मचारी बताकर सत्यापन शुल्क की मांग की। बाद में जब पीड़ित ने पंजाब नेशनल बैंक जाकर जानकारी ली तो पता चला कि उनकी पत्नी के नाम से कोई लोन स्वीकृत ही नहीं हुआ है और न ही कोई राशि जमा की गई है। धोखाधड़ी का पर्दाफाश होने पर जब पीड़ित ने आरोपी से पैसे लौटाने की मांग की तो सलीम ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के साथ जान से मारने की धमकी भी दी। इस दौरान मोहल्ले (शेष पृष्ठ सात पर)

## ‘नन्ही परी’ को न्याय दिलाने के लिए आगे आए ‘सीएम धामी’

### भड़कती जन भावनाओं के बीच सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने के दिए निर्देश, मजबूत भैरवी के लिए अच्छी से अच्छी लीगल टीम हायर करने का भी ऐलान

-अर्श-

देहरादून। वर्ष 2014 में पिथौरागढ़ निवासी 7 वर्षीय बच्ची नन्ही परी के हल्द्वानी के शीशमहल स्थित रामलीला ग्राउंड से एक विवाह समारोह के दौरान गायब होने तथा 6 दिनों बाद मासूम का शव गौला नदी से बरामद होने पर गैंगरेप एवं हत्या की पुष्टि होने से संबंधित अपराधिक प्रकरण में मौत की सजा पाए मुख्य आरोपी अख्तर अली के सुप्रीम कोर्ट से बरी होने के बाद, उत्तराखंड वासियों में बढ़ रहे गुस्से एवं जनता के गुस्से को सरकार के खिलाफ मोड़ने की कांग्रेसी कोशिश के बीच ,उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मासूम पीड़िता नन्ही परी को इंसाफ दिलाने के लिए राज्य के सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पुनर्विचार याचिका दायर करने के निर्देश न्याय विभाग को दिए हैं ।नन्ही परी मामले में आरोपित को सुप्रीम कोर्ट से दोषमुक्त किए जाने का संज्ञान लेते हुए, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की बेटियों के साथ दरिंदगी करने वालों को सजा दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है, लिहाजा न्याय विभाग को इस प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पुनर्विचार याचिका दाखिल करते हुए, मजबूत पैरवी के साथ सजा सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस केस को मजबूती से लड़ेगी और इसकी पैरवी के लिए अच्छी से अच्छी लीगल टीम को लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि देवभूमि में इस तरह के कुकृत्य करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। न्याय की इस लड़ाई में सरकार पूरी तरह पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों की पहचान के लिए सरकार लगातार प्रदेश में सत्यापन अभियान चला रही है।सरकार देवभूमि की अस्मिता पर कोई चोट नहीं पहुंचने देगी। ज्ञात हो कि उपरोक्त मामले में आरोपित को लोअर कोर्ट और हाईकोर्ट से मौत की सजा हो चुकी थी, लेकिन कानून की तकनीकी खामियों का लाभ उठाते हुए आरोपित अब सुप्रीम कोर्ट से बरी हो चुका है। मासूम से दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने वाले आरोपी को सुप्रीम कोर्ट से अभय दान मिलने के बाद लोगों में गुस्सा बढ़ने लगा था और लोग जगह-जगह पर मासूम पीड़िता को इंसाफ दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकालने लगे थे। दूसरी तरफ मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस लोगों में बढ़ती नाराजगी को सरकार की ढुलमुल पैरवी से जोड़कर सरकार के खिलाफ नाराजगी का वातावरण तैयार कर, अपनी राजनीतिक रोटी सेकने की कोशिश में थी, मगर मुख्यमंत्री धामी ने समय रहते मामले पर संज्ञान लेकर सरकार के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश को पूरी तरह नाकाम कर दिया। जहां तक नन्ही परी से संबंधित प्रकरण के घटनाक्रम का सवाल है ? तो उपरोक्त घटना 20 नवंबर 2014 की है। दरअसल, पिथौरागढ़ की रहने वाली सात साल की श्नन्हीं परीश अपने परिवार के साथ हल्द्वानी के शीशमहल स्थित रामलीला ग्राउंड में एक शादी समारोह में आई थी। समारोह के दौरान ही नन्हीं परी अचानक से लापता हो गई थी।परिजनों ने नन्ही परी को काफी ढूंढा लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया। करीब 6 दिन बाद नन्हीं परी का शव गौला नदी से मिला। पुलिस ने बच्ची का पोस्टमार्टम कराया तो पता चला कि हत्या से पहले मासूम के साथ गैंगरेप किया (शेष पृष्ठ सात पर)



# विकराल आपदा में सीएम धामी बने 'संकटमोचक'

## एक्टिव हुई राज्य व केंद्र की एजेंसियां : एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सेना सक्रिय मोड में आई, आपदा का प्रभाव हुआ सीमित




देहरादून (उद संवाददाता)। गत चार महीनों में उत्तराखंड ने प्रकृति के विकराल रूप का सामना किया है। धराली में तबाही से लेकर थराली, पौड़ी, टिहरी, पिथौरागढ़, हरिद्वार, देहरादून, चमोली तक हुई विनाशकारी बारिश और भूस्खलन की घटनाओं ने राज्य को झकझोर कर रख दिया है। कई बार लोगों के जहन में 2013 जैसी भयानक त्रासदी की यादें तक ताजा हो गई, पर इस बार एक फर्क साफ दिखा तैयारी, शीघ्र प्रतिक्रिया और नेतृत्व की मौजूदगी। इसी वजह से जान-माल का नुकसान अपेक्षाकृत कम हुआ। यह सब मिलकर उस 'धामी मॉडल' को परिभाषित करते हैं जिसे आज प्रदेश और देश के कुछ हिस्सों में उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है।धराली में अचानक आई तबाही ने गांव, होटल और बुनियादी ढांचे को भारी क्षति पहुँचाई। शुरुआती सूचनाएँ चिंताजनक रहीं, लेकिन आपदा के कुछ ही समय के भीतर ही सीएम धामी के नेतृत्व में एक्टिव हुई राज्य व केंद्र की एजेंसियां-एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सेना और स्थानीय प्रशासन सक्रिय मोड में आ गईं। हेलीकॉप्टर से आपूर्ति, रेस्क्यू दलों की तैनाती और तत्काल राहत शिविर स्थापित किए गए, जिससे कई परिवारों तक समय पर मदद पहुँची। इन समन्वयकारी प्रयासों ने राहत कार्यों में गति और पारदर्शिता दोनों जोड़े। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की सबसे प्रमुख विशेषता उनका ग्राउंड-प्रेजेंस और सक्रिय मॉनिटरिंग रहा। हर आपदा के तुरंत बाद सीएम धामी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे, राहत कार्यों की निगरानी की और प्रभावितों से सीधे संवाद बनाये रखा। गुरुवार को भी सीएम धामी ने देहरादून के सहस्त्रधारा, मसूरी रोड, टपकेश्वर मंदिर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस सक्रिय नेतृत्व ने राहत कार्यों में जनता के विश्वास और प्रशासन की गति को मजबूती दी है। राज्य सरकार ने प्रभावित परिवारों के लिए तत्काल आर्थिक सहायता के रूप में कई जगहों पर पाँच लाख रुपये तक के पैकेज की घोषणा की और चेक वितरण की प्रक्रिया तेज की, जिससे प्रभावित परिवारों को आवास, प्राथमिक जरूरतें और पुनर्वास की शुरुआती लागत का सामना करने में मदद मिली।स्थिति के आकलन के बाद केंद्र सरकार ने भी प्रदेश के साथ समन्वय में कदम उठाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिजली, सड़कों और पुनर्वास के मद्देनजर 1,200 करोड़ रुपये के तात्कालिक राहत पैकेज की घोषणा की और मृतक परिवारों व घायलों हेतु मदद की व्यवस्था की। इस केंद्रीय पैकेज ने न केवल वित्तीय मदद दी बल्कि प्रदेश के पुनर्निर्माण कार्यों को गति भी प्रदान की। धामी मॉडल की सबसे बड़ी विशेषता इसकी तैयारी और त्वरित तैनाती है। मौसम और हाइड्रोलॉजी पर लगातार निगरानी रखी जाती है, जोखिम वाले इलाकों में समय पर रेड/ऑरेंज अलर्ट जारी होते हैं, , एसडीआरएफ/ एनडीआरएफ, सेना, स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य सेवाओं को एकीकृत कंट्रोल रूम से निर्देशित किया जाता है। स्थानीय प्रतिनिधियों और ग्राम स्तर की व्यवस्थाओं के जरिए राहत सामग्री वितरण में पारदर्शिता बढ़ी है, और प्रभावितों को त्वरित चेक वितरण तथा दीर्घकालिक पुनर्वास योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है।कई सर्वे सीएम धामी के आपदा प्रबंधन मॉडल की सीधे तौर पर सराहना भी कर चुके हैं। हालिया में एक प्रतिष्ठित न्यूज ग्रुप द्वारा सर्वे में भी लोगों ने आपदा प्रभावित राज्यों में सीएम धामी के आपदा प्रबंधन मॉडल को सबसे बेहतर बताया है। प्रदेश में आई ये आपदा केवल प्राकृतिक घटना नहीं, बल्कि शासन- प्रणाली और तैयारियों की कसौटी भी है। मुख्यमंत्री के निर्णायक कदम, त्वरित राहत और केंद्र-राज्य समन्वय ने इस बार नुकसान को कम करने में भूमिका निभाई और यही कारण है कि कई राष्ट्रीय प्लेटफार्मों ने इस प्रतिक्रिया मॉडल पर ध्यान दिया है।

## गृह मंत्री ने ली आपदा राहत कार्यों की जानकारी

देहरादून (उद संवाददाता)।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखण्ड में हाल ही में हुई आपदा की स्थिति एवं राहत-बचाव कार्यों की प्रगति के संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दूरभाष पर वार्ता की। गृह मंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की जानकारी ली और राज्य सरकार को हरसंभव सहयोग एवं आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में केंद्र सरकार राज्य के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और प्रभावित जनता को शीघ्र राहत पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए अवगत कराया कि राज्य प्रशासन आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी तत्परता से जुटा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन एवं सहयोग से उत्तराखण्ड इस कठिन परिस्थिति से शीघ्र उबर सकेगा।

## शक्तिफार्म में युवक पर फर्जी पहचान से महिलाओं को गुमराह करने का आरोप

### आरोपी युवक और उसके परिजनों द्वारा लिखित रूप में माफी मांगी

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म के टैगोर नगर स्थित तीन पानी बाजार क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय



हड़कंप मच गया जब एक युवक पर फर्जी पहचान का उपयोग कर सोशल मीडिया के माध्यम से एक स्थानीय महिला से संपर्क करने का आरोप लगा। युवक के खिलाफ यह भी आरोप है कि वह नकली आईडी से खुद को हिंदू नाम से प्रस्तुत कर महिलाओं को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा था। यह जानकारी सामने आने के बाद स्थानीय युवाओं में भारी आक्रोश देखा गया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग स्थानीय पुलिस चौकी पहुंच गए और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक की गतिविधियों पर संदेह होने के बाद स्थानीय युवकों ने उसकी पहचान उजागर की और सोशल मीडिया अकाउंट की जांच कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर युवक का मोबाइल फोन जब्त किया और मामले को साइबर सेल को जांच के लिए सौंपने की बात कही। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में कुछ बाहरी व्यापारी और किराएदार फर्जी नाम और पहचान के साथ रह रहे हैं, जो भविष्य में सामाजिक और कानूनी खतरे का कारण बन सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे कई लोग दुकानों और सोशल मीडिया पर हिंदू नामों का इस्तेमाल कर महिलाओं को निशाना बना रहे हैं। इस बीच व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि 30 सितंबर तक हर मकान मालिक और व्यापारी को अपने किराएदार और कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। यदि इसके बाद कोई अप्रिय घटना होती है, तो मकान स्वामी को भी जिम्मेदार माना जाएगा। देर शाम आरोपी युवक और उसके परिजनों द्वारा लिखित रूप में माफी मांगने और भविष्य में ऐसी कोई हरकत न करने का आश्वासन देने के बाद माहौल थोड़ा शांत हुआ। हालांकि स्थानीय युवाओं ने चेतावनी दी कि यह अंतिम मौका है, और यदि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोहराई जाती हैं तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए चौकी प्रभारी प्रकाश भट्ट ने आश्वासन दिया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817


## राज्य स्थापना दिवस पर रुद्रपुर में होगा विराट कवि सम्मेलन

### विख्यात कवि हरिओम पवार और सुदीप भोला ने दी सहमति

रुद्रपुर। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 9 नवम्बर को रुद्रपुर में एक भव्य विराट कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय एकता मंच द्वारा प्रस्तावित इस आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के निर्देशन में कवि सम्मेलन को यादगार और प्रभावशाली बनाने के लिए देश के प्रमुख कवियों को आमंत्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व विधायक



राजकुमार ठुकराल ने मेरठ में देश के प्रख्यात राष्ट्रवादी कवि डॉ. हरिओम पवार से और नोएडा में लोकप्रिय मंचीय कवि सुदीप भोला से भेंट की। दोनों ही कवियों ने रुद्रपुर में प्रस्तावित कवि सम्मेलन में शामिल होने की स्वीकृति दे दी है। इस दौरान ठुकराल के साथ सुनील चुघ, आनन्द शर्मा, ललित बिष्ट आदि भी मौजूद थे। राजकुमार ठुकराल ने जानकारी देते हुए बताया कि रुद्रपुर में कवि सम्मेलन का आयोजन हर वर्ष बड़े उत्साह के साथ किया जाता रहा है और इस बार भी इसे और अधिक भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने की योजना है। आयोजन के माध्यम से न केवल राज्य स्थापना दिवस को सार्थक रूप से मनाया जाएगा, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को भी सशक्त किया जाएगा। पूर्व विधायक ने कहा कि जनता इंटर कालेज में होने वाले कवि सम्मेलन के लिए आने वाले दिनों में अन्य प्रसिद्ध कवियों से भी संपर्क कर उन्हें आमंत्रित किया जाएगा।

## जनता इंटर कॉलेज प्रबंधन ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ दी तहरीर

रुद्रपुर। छात्रा की आत्महत्या मामले में आखिरकार जनता इंटर कॉलेज प्रबंधन ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की पहल कर दी है। प्रबंधन की ओर से कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपकर शिक्षक अर्जुन के विरुद्ध पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई।विदित हो कि 22 मई को कॉलेज की कक्षा 12 की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद एक पत्र वायरल हुआ था, जिसमें छात्रा ने अपनी मौत के लिए स्कूल शिक्षक की कथित हरकतों को जिम्मेदार ठहराते हुए न्याय की गुहार लगाई थी। मामले ने तूल पकड़ा तो 12 सितंबर को संबंधित शिक्षक को निलंबित कर दिया गया था।प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कॉलेज प्रबंधन ने एक जांच कमेटी गठित की थी। मृतका की सहपाठिनी छात्राओं के बयान दर्ज किए गए, जिनमें शिक्षक के खिलाफ लगे आरोपों की पुष्टि हुई। इसके बाद बाल संरक्षण आयोग ने शिक्षा सचिव को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिक्षा सचिव ने पत्र मुख्य शिक्षा अधिकारी ऊधमसिंहनगर को भेजा और सीईओ ने कॉलेज प्रबंधन को पास्को एक्ट में कार्रवाई के निर्देश जारी किए।इन्हीं आदेशों के आधार पर शुक्रवार को कॉलेज प्रबंधन ने आरोपी शिक्षक अर्जुन के खिलाफ औपचारिक तहरीर कोतवाली पुलिस को सौंपी है। हालांकि इस पूरे मामले की जांच सीओ सिटी के पास है, मगर जांच की रफ्तार अब तक बेहद सुस्त बनी हुई है। छात्रा की मौत को चार माह बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है।अब देखना यह होगा कि बाल संरक्षण आयोग की सख्ती के बाद पुलिस इस संवेदनशील मामले को कितनी गंभीरता से आगे बढ़ाती है।

## गदरपुर में फ्लैगशिप योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन

गदरपुर (उद संवाददाता)। मेरा युवा भारत अभियान के अंतर्गत विकासखंड गदरपुर के ब्लॉक सभागार में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तनीषा चावला द्वारा फ्लैगशिप योजनाओं पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक और सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलन कर माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष किया। इस अवसर पर तनीषा चावला ने मुख्य अतिथि का पारंपरिक रूप से शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से विशिष्ट अतिथि के रूप में विषय विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे, जिन्हें आयोजिका द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यशाला के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आए डॉ. विकास सचान ने प्रतिभागी युवाओं को आयुष्मान भारत योजना (प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना), राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, और राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को इन योजनाओं के लाभ और पात्रता के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। बैंक ऑफ बड़ौदा से आयी रीमा शाह ने युवाओं को डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, पीएम विश्वकर्मा योजना, तथा प्रधानमंत्री जन धन योजना के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया। उन्होंने इन योजनाओं को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। ब्लॉक कार्यालय से सहायक खंड विकास अधिकारी हेम कांडपाल ने ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छता पखवाड़ा के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर स्वच्छता के संदेशवाहक बनें। नगरपालिका परिषद गदरपुर की ब्रांड एंबेसडर मुस्कान चावला ने प्लास्टिक मुक्त वातावरण, आर.आर.आर. (रिड्यूस, रीयूज, रीसायकल) अभियान, पर्यावरण संरक्षण, और स्वच्छता जागरूकता जैसे विषयों पर युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी युवा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. रेखा रानी, किरण जोशी, रेखा रानी (प्राध्यापिका), सुबोध कुमार शर्मा (कवि एवं साहित्यकार), राजकुमार अरोड़ा सहित कई गणमान्य अतिथि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।



# सफेद बाघ का क्लोन बनाने के लिए रूस ने पंतनगर विश्वविद्यालय से मांगा सहयोग

पंतनगर( उद संवाददाता)।जंगल का सम्राट–सफेद बाघ–अब प्रयोगशाला की दीवारों के भीतर भी जन्म ले सकता है। यह सुनकर शायद चौंकें, लेकिन हकीकत यही है। रूस ने गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय, पंतनगर से इस दुर्लभ प्रजाति के क्लोन तैयार करने में तकनीकी मदद मांगी है। और पंत विवि ने भी इसे सिर्फ वैज्ञानिक चुनौती नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि मानते हुए सहयोग देने पर हामी भर दी है। पंत विवि के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि रूस की सेंट पीटर्सबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ वेटनरी साइंस से इस संबंध में गहन बातचीत चल रही है। इसी वर्ष फरवरी में वहाँ से आए वैज्ञानिकों और छात्रों का दल पंत विवि पहुँचा था। उस दौरे के दौरान व्हाइट टाइगर क्लोनिंग पर गंभीर विमर्श हुआ और तकनीकी सहयोग पर सहमति बनी। डा. चौहान के नेतृत्व में पहले ही भारत की पहली क्लोन गिर गाय तैयार हो चुकी है। 16 मार्च 2023 को जन्मी इस बछिया का नाम "गंगा" रखा गया। यही नहीं, वर्तमान में उत्तराखंड की पहचान कही जाने वाली बद्री गाय को बचाने के लिए भी क्लोनिंग परियोजना प्रगति पर है। इन्हीं सफलताओं ने पंत विवि की विशेषज्ञता को अंतर्राष्ट्रीय मंच



पर और भी ऊँचा किया और रूस के वैज्ञानिकों को यहाँ सहयोग लेने को प्रेरित किया। रूस की सेंट पीटर्सबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ वेटनरी साइंस द्वारा सफेद बाघ का क्लोन तैयार करने के लिए सोमैटिक सेल न्यूक्लियर ट्रांसफर तकनीक का उपयोग होगा। इस प्रक्रिया में किसी कोशिका का नाभिक निकालकर उसे अंडाणु में प्रविष्ट कराया जाता है। विद्युत तरंगों की मदद से भ्रूण विकसित कर उसे जीवन देने का प्रयास किया जाता है। यह विज्ञान और प्रकृति का सबसे अद्‌भुत संगम है, लेकिन उतना ही जटिल और संवेदनशील भी। भारत में सफेद बाघ का इतिहास 1951 से जुड़ा है, जब रीवा (मध्य प्रदेश) के महाराजा मार्तंड सिंह ने गोविंदगढ़ के पास से पहला व्हाइट टाइगर पकड़ा और उसका नाम "मोहन" रखा। तभी से रीवा को "सफेद शेरों की नगरी" कहा जाने लगा। आज भी रीवा की व्हाइट टाइगर सफारी दुनिया भर के पर्यटकों का मन मोह लेती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह परियोजना केवल विज्ञान की उपलब्धि भर नहीं होगी। इससे पर्यटन, वाणिज्य और जैव–विविधता संरक्षण को भी नया आयाम मिलेगा। सफेद बाघ की कीमत वैश्विक स्तर पर चार से पाँच करोड़ रुपये आँकी जाती है। रूस इसी आर्थिक और पर्यटन संभावनाओं को देखते हुए इस क्लोनिंग मिशन को आगे बढ़ा रहा है। यह परियोजना सिर्फ एक बाघ की नहीं, बल्कि विज्ञान, संस्कृति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की है, जहाँ जंगल की दहाड़ अब प्रयोगशालाओं में भी गूँजने की तैयारी कर रही है।

# खटीमा व सितारगंज में लाइब्रेरी संचालन को लेकर डीएम ने ली समीक्षा बैठक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने थारू राजकीय इंटर कालेज खटीमा व सितारगंज में लाइब्रेरी के संचालन हेतु किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा की। उन्होने उप जिलाधिकारी खटीमा, सितारगंज, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी व कार्यदायि संस्था कृषि मंडी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि थारू राजकीय इण्टर कालेज व सितारगंज में लाइब्रेरी संचालित किये जाने हेतु मौके का निरीक्षण कर किये जाने वाले कार्यो हेतु प्लान तैयार करते हुए शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शीघ्र लाइब्रेरी संचालित होने से युवाओं को उसका लाभ मिलेगा। उन्होने कहा कि लाइब्रेरी संचालन हेतु भवन में जो भी मरम्मत आदि कार्य कराने जाने है उसे गुणवत्तापूर्ण शीघ्र पूर्ण करा लिया जाये। उन्होने कहा कि लाइब्रेरी में पुस्तकें व बैठने के लिए कुर्सी आदि की उचित व्यवस्था की जाये। उन्होने कहा कि विद्यालय में जल भराव



न हो इसके लिए पानी निकासी की व्यवस्था भी की जाये। उन्होने कहा कि खराब शौचालयों का मरम्मत कार्य भी करा लिया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, प्रबंध निदेशक कृषि उत्पादन मंडी हेमंत वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन आदि उपस्थित थे व उप जिलाधिकारी खटीमा तुषार सैनी, सितारगंज रविन्द्र जुआठा वर्चुअल जुड़े थे।

# तनाव दूर करने के लिए कार्यशाला आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में शिक्षा के दौरान मानसिक तनाव को दूर करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग माथुर द्वारा रिसोर्स पर्सन भावना जैन पौल को स्मृति चिहन भेंट कर किया गया। कार्यशाला में विभिन्न गतिविधियों द्वारा शिक्षकों को तनाव को कम करने के उपाय बताए गए। वही ट्रेनर अनिलेश द्वारा



समस्याओं के बीच सामंजस्य स्थापित करने के गुण बताए गए। एनर्जी स्केनर द्वारा बताया गया कि किस प्रकार हम अपनी सकारात्मक व नकारात्मक ऊर्जा को कैसे दूसरे तक पहुँचाते हैं तथा हम जैसा सोचते है हमारी ऊर्जा का स्तर उसी अनुरूप बनता हैं। अन्त में विभिन्न कृत्रिम उपकरणों जैसे थन्डर, साउन्ड, चिड़ियों, मेढक व चलते हुए पानी की आवाज उत्पन्न कर प्राकृतिक वातावरण का निर्माण कर सभी शिक्षकों को ध्यान कराया गया। अन्त में प्रधानाचार्य ने कार्यशाला की सराहना कर ट्रेनर्स को धन्यवाद किया। इस कार्यशाला मे विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उपप्रधानाचार्या ममता तनेजा, कार्डिनेटर प्रियंका शर्मा सहित सभी अध्यापक व अध्यापिकाऐं उपस्थित थी।

# युवा शक्ति कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

किच्छा( उद संवाददाता)। युवा शक्ति कार्यकर्ताओं ने ईओ नगर पालिका का किच्छा में स्वागत किया और नशेड़ियों द्वारा गायब किए गए नालियों के जाल को पुन: मरम्मत किए जाने के संबंध में ज्ञापन दिया। युवा शक्ति प्रमुख सोनू गुप्ता ने कहा कि आवास विकास एवं मेन रोड निकट सरकारी अस्पताल के पास नालियों



पर जाल बने है जो या तो क्षतिग्रस्त हो चूका है या गायब ही हो चूका है जिसकी वजह से आये दिन दुर्घटना हो रही है, उन्होंने कहा पिछले कुछ दिन पूर्व आवास विकास गुरुद्वारा चौक पर निकली शोभायात्रा में भी कई महिलाये बच्चे उस गड्ढे में गिर चुके है जिससे वह चोटिल हो गए थे,आये दिन कोई न कोई वाहन भी फस जाता है, जिससे बड़ा हादसा होने की संभावना बनी रहती है, उन्होंने ईओ नगर पालिका से आग्रह किया कि क्षतिग्रस्त जालियो को जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए। इस मौके पर संदीप बावा, आशीष कुमार वर्मा,अर्जुन सिंह खानायत, योगेंद्र चौहान मौजूद रहे।

# सीएम दौरे का विरोध करते यूंकाई गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के हल्द्वानी दौरे का युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय सचिव मीमांशा आर्या व प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू के अगुवाई में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री वापस जाओ के जोरदार नारे लगाए। इस दौरान पुलिस कार्यकर्ताओं की तीखी बहस हुई। जिसके बाद पुलिस ने कार्यकर्ताओं को काठगोदाम थाने के पास गिरफ्तार कर लिया। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कशिश हत्या कांड में सरकार द्वारा कमजोर पैरवी करने, दिव्यांग जनों पर पुलिस द्वारा लाठी चार्ज करने, हल्द्वानी में



जगह जगह लाल निशान लगाने, बढ़ते नशे के करोबार, महंगाई बेरोजगारी जैसे मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने जा रहे थे। हेमन्त साहू ने कहा राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल हो गई हैं। राजपुरा समेत पूरे शहर में लाल निशान लगा दिए, दिव्यागों जनों मुख्य बधिरों पर भी पुलिस लाठी चार्ज कर रही जोकि शर्मनाक है।मीमांसा आर्या ने कहा राज्य सरकार की कमजोर पैरवी की वजह से कशिश हत्या कांड के गुनहगार बरी हो गए हैं जोकि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। गिरफ्तार होने वालों में गीता बहुगुणा, रितिक आर्या, विवेक मिश्रा, नितिन आर्या समेत तमाम कार्यकर्ता थे।

# मुख्यमंत्री धामी से मिला किसान महासभा का प्रतिनिधिमंडल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष उर्मिला रैस्वाल और उपाध्यक्ष विमला देवी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सर्किट हाउस काठगोदाम में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बागजाला को दमुआढुंगा की तरह मालिकाना अधि



कार देने और राजस्व गांव का निर्माण करने, निर्माण कार्यों लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव का अधिकार बहाल करने, विकास कार्यों पर लगी रोक हटाने, सड़कों का डामरीकरण करने, घर शौचालय निर्माण पर लगी रोक हटाने की मांग की। इस दौरान मुख्यमंत्री को किसान महासभा बागजाला की ओर से आठ सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा गया। मुख्यमंत्री ने मांगों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# मजरा शीला से पिरान कलियर के लिए श्रद्धालुओं की बस रवाना

गदरपुर( उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध दरगाह साबिर पाक, पिरान कलियर में आयोजित होने वाले 757वें उर्स में शामिल होने के लिए मजरा शीला से एक श्रद्धालुओं से भरी बस शुक्रवार देर रात्रि को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हारीश बाबा की अगुवाई में रवाना हुई। उर्स में भाग लेने वाले सभी श्रद्धालु गहरी आस्था और उत्साह के साथ इस यात्रा पर निकले।मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात्रि लगभग 10 बजे, ग्राम मजरा शीला से दर्जनों श्रद्धालु दरगाह शरीफ के लिए रवाना हुए। बस को रवाना करते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हारीश बाबा ने सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षित, मंगलमय और पुण्यदायी यात्रा की कामना की। उन्होंने कहा कि पिरान



कलियर स्थित हजरत साबिर पाक की दरगाह पर लगने वाला यह उर्स सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि अकीदत और आध्यात्मिकता का प्रतीक है, जो देश–विदेश से लाखों श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है।उन्होंने यह भी बताया कि मजरा शीला से हर वर्ष श्रद्धालुओं का एक जत्था इस पवित्र उर्स में शामिल होने जाता है, जहां लोग देश, समाज और मानवता की भलाई के लिए दुआएं करते हैं। इस बार भी बस में सवार सभी श्रद्धालु प्रदेश सहित पूरे देश में शांति, समृद्धि और भाईचारे की दुआ करेंगे।श्रद्धालुओं को रवाना करने के दौरान स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर शाकिर अली, मोहम्मद अजीम, राशिद अली, फरमान, उमर अली, मो. तौफीक, नफीश भाई, विक्की समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शिव मंदिर रामलीला में सीता एवं राम जन्म का सुंदर मंचन

गदरपुर( उद संवाददाता)। शिव मंदिर रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को सीता जन्म और राम जन्म के अलावा लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न के जन्म के मनोहर दृश्य कलाकारों द्वारा मंचित किए गए। मिथिला नरेश राजा जनक की भूमिका में संजीव नागपाल ने बेहतरीन अभिनय कर दर्शकों की तालियां बटोरीं।कमेटी के अध्यक्ष जय कृष्ण अरोड़ा ने सभी व्यवस्थाओं को बड़े ही सुचारू ढंग से संचालित किया और जनता से अधिक से अधिक संख्या में रामलीला का दर्शन करने की अपील की।इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें नरेंद्र पाल ग्रोवर,वेद भगत, अनिल जैन,सुखदेव ढींगरा, प्रवीण भगत,मिक्की भगत,विशू अरोड़ा,ऋषि भगत,जुगनू सखीजा,रमेश कंबोज,रविंद्र चावला,गौतम गगनेजा,सोना सिंह,चिराग अनेजा,मनीष गुप्ता,राजेंद्र बेहड,सुमित सचदेव,देवेंद्र सिंघ बाबा,निशांत गुप्ता,जगदीश कश्यप,रोहित सुदामा,केशव गुंबर,कुणाल गुंबर,खुशी अनेजा,स्वाति कालड़ा,रीना ढींगरा,रंजना गुंबर,गुर्बानी कालड़ा,पीहू कालड़ा उपस्थित रहे। मंच संचालन जसपाल डोगरा और ज्योति अरोड़ा द्वारा किया गया।राम जन्म का दृश्य देखने के लिए क्षेत्र भर से भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भगवान राम के जीवन से जुड़े प्रसंगों को श्रवण कर भावविभोर हो उठे।



# राशन गड़बड़ी से इस माह हजारों गरीबों के चूल्हे पड़े ठंडे ,जांच करने की मांग

सितारगंज।नगर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। यहां गोदाम से सरकारी दरों पर सफेद गुलाबी और पीले राशन कार्ड धारकों के हक का गेहूं, चावल गायब है । नगर के वार्ड 5 में इस माह का राशन अब तक नहीं बंटा, वहीं वार्ड 6 के उपभोक्ताओं को गेहूं के बोरे कम दिए गए। विभाग ने कमी पूरी करने के लिए "एस्टा स्टॉक" अनाज मंगाने की बात कही है। जिससे यह साफ हो गया है कि गोदाम में पहले से ही हेराफेरी चल रही थी। गरीब राशन कार्डधारकों का राशन हजम करने वाले लोगों की निष्पक्ष जांच के बाद गर्दन फंस सकती हैं। सभासद रवि रस्तोगी ने इस पूरे मामले को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि जब विभाग से पूरा राशन भेजा जाता है तो फिर उपभोक्ताओं को अधूरा क्यों दिया जा रहा है? यह जनता के हक पर डाका डालने जैसा है। इसकी जांच एसडीएम स्तर से कराई जानी चाहिए ताकि पूरा सच सामने आ सके और जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई हो।"स्थानीय लोगों ने भी सवाल उठाए हैं कि आखिर हर माह किसी न किसी वार्ड में सरकारी दरों पर मिलने वाले अनाज की कमी क्यों पाई जाती है। अब देखना होगा कि प्रशासन कब तक इस मामले पर कड़ा कदम उठाता है।

# आपदा राहत एवं पुनर्निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सीएम

## मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को दी मंडल एवं जिले में आपदा से हुई क्षति की विस्तृत जानकारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सर्किट हाउस काठगोदाम, हल्द्वानी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को आपदा से हुई क्षति, विद्युत, पेयजल और मोटर मार्गों की अद्यतन स्थिति की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की।बैठक के दौरान मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को मंडल एवं जिले में आपदा से हुई क्षति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अवगत कराया कि आपदा की वजह से जिले में भारी नुकसान हुआ है। नैनीताल की लोअर मॉल रोड धंसने, बागेश्वर में पुलों की क्षति, रानीबाग पावर हाउस की समस्या, ओखलकांडा और धारी ब्लॉक मार्गों के अवरोध तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर भूस्खलन जैसी गंभीर चुनौतियां सामने आई हैं। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि अब तक नैनीताल जिले में आपदा से हुई कुल क्षति का आकलन लगभग 443 करोड़ रुपये किया गया है और यह रिपोर्ट भारत सरकार की आपदा विश्लेषण टीम को भी प्रस्तुत की गई है। उन्होंने विस्तार से जिले में मानसून काल में हुए नुकसान की जानकारी देते हुए, किए गए राहत बचाव एवं आपदा न्यूनीकरण कार्यों की जानकारी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से दी।तथा जिले के संवेदनशील स्थानों, सड़क मार्गो, गांवों, नदी नाले आदि के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया। साथ ही विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्ताव जो शासन को भेजे गए उनकी स्वीकृति का भी अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी ने चुकम,खुपी गांव सहित विभिन्न सड़क मार्गों जहॉ खतरा बना हुआ है उनके विस्थापन एवं सड़कों के ट्रीटमेंट आदि कार्यो के संबंध में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया।साथ ही लालकुआं, बिंदुखत्ता, गोला नदी, नंधौर नदी, कोसी नदी से हो रहे नुकसान के बारे भी अवगत कराते हुए उसके स्थाई समाधान हेतु की जा रही कार्यवाही व तैयार डीपीआर के बारे में भी अवगत कराया। बैठक में मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि इस वर्ष असामान्य वर्षा और भूस्खलन के कारण राज्य के लगभग सभी जनपद प्रभावित हुए हैं और आपदा का असर दो से तीन गुना अधिक देखने को मिला है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र सरकार से प्राप्त सहयोग और राज्य के संसाधनों का उपयोग कर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से पुनर्निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि हर विभाग और अधिकारी अपनी जिम्मेदारी तय करे और समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा करे। उन्होंने कहा, "जिम्मेदारी तय होगी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।" साथ ही, एक माह के भीतर सड़कों का पैचवर्क पूरा करने, जल निकायों के मार्गों को संरक्षित करने और अतिक्रमण हटाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पुनर्निर्माण के प्रयासों में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की साझा भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार पूरे समर्पण से कार्य कर रही है। बैठक में मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता को जलाशयों में कार्य की ठोस योजना बनाने और कार्ययोजना प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। बैठक में सुशीला तिवारी अस्पताल के न्च्छरु कर्मियों के लंबित वेतन का मुद्दा भी उठा। मुख्यमंत्री ने इसका संज्ञान लेते हुए तुरंत समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चाहे सड़कें हों, जल निकाय हों या आवासीय क्षेत्र, हर स्तर पर समन्वित प्रयासों से पुनर्निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ाए जाएंगे और प्रभावित लोगों को शीघ्र राहत दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून के दौरान जगह-जगह जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे जलजनित रोगों की समस्याएँ बढ़ जाती हैं। इसकी रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग तत्परतापूर्वक कार्य करे, सभी चिकित्सा केंद्रों में आवश्यक चिकित्सा सुविधा रखने के साथ ही व्यापक तैयारी की जाए और जगह-जगह स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं के समाधान हेतु जन निवारण शिविर एवं बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन कर जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। सभी अधिकारी क्षेत्र पंचायतों की बैठकों में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें तथा जनता मिलन कार्यक्रम लगातार संचालित किए जाएँ। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दरमवाल,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भीमताल विधायक राम सिंह केड़ा, रानीखेत विधायक प्रमोद नैनवाल, दायित्वधारी डॉ. अनिल डब्बू, दीपक महरा एवं शंकर कोरंगा सहित सभी मंडलीय अधिकारी उपस्थित रहे।





# शिविर में जन समस्याओं का किया समाधान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना के निर्देशन में हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से नियमित रूप से वार्डवार जन सुविधा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम के वार्ड संख्या 11 और 12 में जन सुविधा शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान नागरिकों द्वारा मुख्यत: आपूर्ति व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें, राशन कार्ड में नाम जोड़ने या हटाने तथा पृथक राशन कार्ड जारी करने जैसी समस्याएँ उठाई गईं। अधिकारियों ने इनमें से कई शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया, जबकि अन्य मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। शिविर में आधार सेवा से संबंधित कार्यों के अंतर्गत कुल 46 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए। शिविर में पूर्ति विभाग से जुड़े कुल 24 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नए राशन कार्ड बनाए जाने और नाम जोड़े जाने संबंधी प्रार्थनापत्र सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त यूसीसी के 17 आवेदन प्राप्त हुए एवं विद्युत विभाग से संबंध 2 शिकायतें प्राप्त हुई। जन सुविधा शिविर में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, सहायक नगर आयुक्त जीके भट्ट, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, वार्ड संख्या 11 पार्षद रवि जोशी तथा वार्ड संख्या 12 पार्षद श्रीमती प्रीति आर्या उपस्थित रहे। उक्त आयोजित जन सुविधा शिविर में संबंधित पार्षदों ने जिला प्रशासन का हार्दिक आभार व्यक्त किया।






# नारद मोह और रावण जन्म की लीला का हुआ मंचन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री रामलीला के प्रथम दिवस शुक्रवार को नारद मोह और रावण जन्म की लीला का मंचन हुआ। व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री ने लीला का वर्णन करते हुए कहा महाराजा शीलनिधि की पुत्री राजकुमारी विश्वमोहिनी का स्वयंवर रचाया जाता है। स्वयंवर के समय पर नारद जी राजा के दरबार पहुंचते हैं। महाराजा शीलनिधि द्वारा उनका सत्कार किया जाता है और विश्व मोहिनी का भाग्य देखने का अनुरोध किया जाता है नारद जी ने विश्व मोहिनी का हाथ देखा और उसके रूप को देखकर मुनि वैराग्य भूल गए और बड़ी देर तक उसकी ओर देखते ही रह गए। उसके लक्षण देखकर मुनि अपने आपको भी भूल गए और हृदय में हर्षित हुए, पर प्रकट रूप में उन लक्षणों को नहीं कहा। कन्या के लक्षणों को सोचकर वे मन में कहने लगे कि जो इसे ब्याहेगा, वह अमर हो जाएगा और रणभूमि में कोई उसे जीत न सकेगा। यह शीलनिधि की कन्या जिसको वरेगी, सब चर-अचर जीव उसकी सेवा करेंगे, तो क्यूं न मैं स्वयं ही इसे वर लू, एसा सोंच कर भगवान श्री हरि के पास उनका रूप मांगने जाते हैं, भगवान श्री हरि नारदजी का अहंकार देख कर उन्हें हरि अर्थात बंदर का रूप दे देते हैं। स्वयंवर में अपने अपमान के बाद भगवान विष्णु को श्राप देते हैं कि यही बंदर आपके त्रेता युग में काम आएगा और ऐसा ही स्त्री वियोग आपको भी सहना पड़ेगा। उधर महर्षि बिश्वा के यहां रावण का जन्म होता है , रामलीला में आज व्यास पूजन बसंत अग्रवाल एवं हितेश पांडे ने किया। रामलीला समिति के सदस्यों में प्रेम गुप्ता, अमित जोशी, भोलेनाथ केसरवानी, मंजू वार्ष्णेय आदि ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। आज ब्रह्मा आदि देवताओं का आगमन, रावण अत्याचार एवं आकाशवाणी की लीला का मंचन होगा।



# नशा मुक्त उत्तराखंड बनाने के लिए आई जी ने तैयार किया खाका

## हर एक की जिम्मेदारी और जवाबदेही हुई तय, 215 आदतन नशा तस्करों पर रखी जाएगी कड़ी निगरानी, हर माह की 10 तारीख तक अनिवार्य होगी समीक्षा रिपोर्टिंग

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 'ड्रग्स फ्री उत्तराखंड' के विजन को जमीनी हकीकत में बदलने की दिशा में कुमाऊं की आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने एक सख्त और सुनियोजित कार्ययोजना तैयार कर दी है। कुमाऊं के सभी जनपदों में सक्रिय नशा तस्करों के खिलाफ अब ऐसा शिकंजा कसा जाएगा, जिससे नशा कारोबारियों की गतिविधियों पर न सिर्फ पूरी निगरानी रखी जाएगी, बल्कि दोबारा तस्करी करते पाए जाने पर उन्हें कानून के तहत बेहद कठोर कार्रवाई का सामना भी करना पड़ेगा। आईजी रिद्धिम अग्रवाल द्वारा शुरू किए गए इस मिशन के तहत क्षेत्र में चिन्हित 215 ऐसे आदतन नशा तस्करों को चिह्नित किया गया है जिन पर दो या अधिक आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। इन सभी की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए प्रत्येक संदिग्ध को एक-एक उपनिरीक्षक या अपर उपनिरीक्षक के अधीन निगरानी में रखा गया है। यह अधिकारी न केवल उनकी आजीविका और रहन-सहन की जांच करेंगे, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेंगे कि उनका जीवन स्तर उनकी ज्ञात आय से मेल खाता है या नहीं। यदि किसी भी तरह की असमानता या अवैध गतिविधियों के संकेत मिलते हैं, तो उसकी सूचना तुरंत उच्चाधिकारियों को दी जाएगी। इस पूरे अभियान में गोपनीयता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। किसी भी संदिग्ध की जानकारी पूरे जनपद में सार्वजनिक नहीं की गई है। केवल वही अधिकारी जिनके क्षेत्र से संबंधित तस्कर जुड़े हैं, उन्हें ही इनकी जानकारी दी गई है। इससे न केवल कार्रवाई की गंभीरता बनी रहेगी, बल्कि संदिग्धों को भी किसी तरह की भनक नहीं लग पाएगी, जिससे निगरानी का प्रभाव और अधिक मजबूत होगा। नशा तस्करी में संलिप्त पाए जाने पर किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी। यदि कोई संदिग्ध पुन: नशे के धंधे में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट और गैंगस्टर एक्ट जैसे सख्त कानूनों के तहत त्वरित और योजनाबद्ध कार्रवाई की जाएगी। आईजी का यह संदेश स्पष्ट है कि अब नशा कारोबारियों के लिए कोई छूट नहीं है। इस निगरानी अभियान की समीक्षा की भी मजबूत व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रत्येक क्षेत्राधिकारी को प्रतिदिन प्रगति की रिपोर्ट लेने और अधीनस्थ अधिकारियों का मार्गदर्शन करने की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक स्तर पर सप्ताह में एक बार इस अभियान की समीक्षा की जाएगी। साथ ही, प्रत्येक माह की दस तारीख तक अनिवार्य रूप से रिपोर्टिंग सुनिश्चित की गई है, जिससे यह कार्य केवल कागजों तक सीमित न रह जाए और धरातल पर इसके ठोस परिणाम भी देखने को मिलें। आईजी ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इस अभियान में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की भी सक्रिय भूमिका रहेगी। नामित पुलिस अधिकारियों और एएनटीएफ के बीच समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्यवाही की जाएगी, जिससे किसी भी नशा तस्कर को कानून से बचने का मौका न मिले। मौजूदा समय में नशा समाज के सामने एक गंभीर चुनौती के रूप में खड़ा है। यह केवल युवाओं तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि किशोरों और वयस्कों को भी अपने चपेट में ले रहा है। इसके दुष्परिणाम परिवारों को तोड़ रहे हैं, समाज को खोखला कर रहे हैं और एक पूरी पीढ़ी के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं। ऐसे में कुमाऊं पुलिस की यह पहल केवल कानून-व्यवस्था का हिस्सा नहीं, बल्कि समाज सुधार की दिशा में एक ठोस और साहसिक कदम है। आईजी रिद्धिम अग्रवाल की यह कार्ययोजना बताती है कि अब नशा कारोबारियों के अच्छे दिन समाप्त हो चुके हैं। अभियान के गंभीर और योजनाबद्ध स्वरूप को देखते हुए यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में नशे के धंधे से जुड़े लोगों को कुमाऊं में पनाह मिलना मुश्किल होगा।



# मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक छवि मजबूत हुई: भट्ट

## प्रबुद्ध जन गोष्ठी में मोदी-धामी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को शहर के आर्क होटल में एक भव्य प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री तथा ने बीते वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। चाहे आर्थिक क्षेत्र हो, सामाजिक सुधार हों या सैन्य क्षेत्र की मजबूती। देश ने हर मोर्चे पर नई ऊंचाइयां छुई हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों, सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड सरकार ने भी अल्प समय में बड़े फैसले लिए हैं। समान नागरिक संहिता लागू करना, नकल विरोधी कानून, सख्त भू-कानून और पर्यटन को गति देने के का मुफ्त इलाज संभव हुआ है, और धामी सरकार की छात्रवृत्ति एवं महिला कल्याणकारी योजनाएं समाज को सशक्त बना रही हैं। जिंदल ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे समझते हुए युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए हैं और निवेश को आकर्षित करने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर नगर निगम भी सरकार की सोच के अनुरूप जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, महापौर विकास शर्मा, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीपाल राणा, कार्यक्रम संयोजक हिमांशु शुक्ला, विवेक सक्सेना, प्रमोद मित्तल, विजय तोमर, मोर सिंह यादव, अमित नारंग, शालिनी बोरा, मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल,







क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट मौजूद रहे। उन्होंने ने महिला सशक्तिकरण, फिट इंडिया, ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, सिन्दूर ऑपरेशन, बॉर्डर सुरक्षा,लोकल फॉर वोकल सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। गोष्ठी का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सांसद अजय भट्ट, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महापौर विकास शर्मा, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री तरुण दत्ता ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत किसानों, महिलाओं और युवाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए ऐतिहासिक योजनाएं लागू की हैं। आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की है, उज्जवला योजना से करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है, पीएम आवास योजना ने लाखों परिवारों को छत दी है और 'मेक इन इंडिया' अभियान ने युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोले हैं। भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक छवि मजबूत हुई है। आज पूरी दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी की कदम, सभी इस बात के प्रमाण हैं कि धामी सरकार प्रदेश को नई दिशा दे रही है। जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा महज एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भाजपा की कार्यसंस्कृति का जीवंत उदाहरण है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का जन्मदिन जनता की सेवा को समर्पित करना इस बात का प्रतीक है कि पार्टी का मूल उद्देश्य केवल सत्ता नहीं बल्कि समाज का कल्याण है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आज हर वर्ग को मिल रहा है। किसान सम्मान निधि से किसानों को राहत मिली है, आयुष्मान भारत से गरीबों योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विकास की जिस गति से आगे बढ़ाया है, वह विश्व के लिए उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शहर और गांव दोनों स्तर पर केन्द्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का असर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उज्जवला योजना से महिलाओं को धुएं से आजादी मिली है, आवास योजना से गरीबों के सपनों को घर मिला है और स्वच्छ भारत अभियान ने समाज में स्वच्छता के प्रति चेतना जगाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश की जरूरतों को जनसेवा को प्राथमिकता दे रहा है और आगे भी जनता के सहयोग से शहर को बेहतर बनाने की दिशा में काम करता रहेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रम में बढ़चढ़कर भागीदारी करने का आहजवान भी किया। गोष्ठी में अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी केन्द्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार ने केवल वादे नहीं किए बल्कि उन्हें धरातल पर उतारा। जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मुकेश पाल, जितेन्द्र संधू, पारस चुघ, रोशन अरोरा, अक्षय गहलौत, सुरेन्द्र चौधरी, सुरेश कोली, अनुभव चौधरी, सरिता चौधरी, रश्मि रस्तौगी, आशा मुंजाल, प्रेमलता, पार्षद पवन राणा, एमपी मौर्या, बीनू, विष्णु, गिरीश पाल, मुकेश रस्तौगी, राजेश जग्गा, चन्द्रसेन कोली, माही सकलानी, रेनू जुनेजा, पिंकी चतुर्वेदी, देव मेनन, मुकेश वशिष्ठ, दिलीप अधिकारी, अनुज शर्मा, विवेक दीप सिंह, गोपाल पटल, बिट्टू चौहान, रचित सिंह, धीरेन्द्र मिश्रा,कपिल शर्मा, डॉ भारद्वाज, नरेश उप्रेती, मोहन तिवारी, मयंक अग्रवाल, सरो राय समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# तुर्कागौरी के ग्रामीणों को भूमि का स्वामित्व दिलाने के लिए एसडीएम से की मुलाकात

किच्छा(उद संवाददाता)।ग्राम तुर्कागौरी में पिछले 60 वर्षों से आबादी भूमि पर निवास कर रहे ग्रामीणों को भूमि की श्रेणी में बदलाव कर स्वामित्व दिलाने के संबंध में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के नेतृत्व में ग्राम प्रधान नन्दलाल यादव के साथ ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल उपजिलाधिकारी गौरव पांडे से मिला और भूमि की श्रेणी में बदलाव कर स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को अधिकार देने की मांग की।ग्राम प्रधान नंदलाल यादव ने बताया कि ग्रामसभा में लगभग 60 वर्षों से 200 से अधिक परिवार सामूहिक आबादी में निवासरत हैं। गांव में सभी लोगों के पक्के मकान हैं, जिनमें अधिकांश को इंदिरा आवास का लाभ मिला है। इसके साथ ही गांव में एक प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाई स्कूल, दो आंगनबाड़ी केंद्र, एक प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केंद्र, एक पशु चिकित्सा केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की पाइपलाइन और टंकी, तथा सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान जैसी सुविधाएं वर्षों से उपलब्ध हैं। गांव की अधिकांश सड़कें भी पक्की सीसी रोड हैं जो ग्राम पंचायत एवं राज्य सरकार की योजनाओं के तहत बनी हैं।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि भू-अभिलेखों में ग्राम की आबादी की भूमि को अभी तक उचित श्रेणी में दर्ज नहीं किया गया है, जिसके चलते ग्रामीण स्वामित्व योजना के लाभ से वंचित हैं।उपजिलाधिकारी गौरव पांडे से कहा



कि राजस्व अभिलेखों में आवश्यक संशोधन कर पात्र लोगों को स्वामित्व का अधिकार दिलाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें।उपजिलाधिकारी गौरव पांडे ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान ग्राम प्रधान नन्द लाल यादव, धीरज अग्रवाल, बालकृष्ण यादव, विनोद गौतम, मुकेश पासवान,अमित सक्सेना,जतिन अग्रवाल, रामप्रवेश राय, दीपक, संदीप गुप्ता, सर्वेश कुमार सक्सेना, रामप्रवेश, कन्हैया यादव, उमर पाल समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

# सीएम से मिले गुंजन सुखीजा और प्रीत ग्रोवर

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा एवं सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं ने





मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और गदरपुर क्षेत्र के विकास कार्यों पर विस्तृत बातचीत की। भेंटवार्ता के दौरान प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने मुख्यमंत्री को गदरपुर के विकास की आवश्यकताओं और जनता की अपेक्षाओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं को और सुदृढ़ किए जाने की जरूरत है, ताकि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। वहीं सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर ने विशेष रूप से गदरपुर विकासखंड कार्यालय से संबंधित विकास कार्यों की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से बेहतर प्रशासनिक एवं विकासात्मक सुविधाओं की उम्मीद कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों नेताओं को आश्वासन दिया कि गदरपुर क्षेत्र के विकास की गति को किसी भी हालत में रुकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पूरीतरह प्रतिबद्ध है। गुंजन सुखीजा और प्रीत ग्रोवर ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में गदरपुर का सर्वांगीण विकास निरंतर आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में जनता को और अधिक सुविधाएं मिलेंगी।

# रामलीला मंचन से पूर्व धूमधाम से स्थापित हुआ महावीर ध्वज

## रूद्रपुर की प्रमुख रामलीला का मंचन आज से

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।नगर की प्राचीनतम बस अड्डे वाली रामलीला के मंच पर बड़ी धूमधाम से महावीर ध्वज स्थापित किया गया। धार्मिक जयघोषों के बीच श्री राम जी की भूमिका निभा रहे मनोज अरोरा एवं श्री बजरंग बली हनुमान जी की भूमिका निभा रहे सुशील गाबा नें ध्वज पूजा अर्चना के बाद ध्वज स्थापित किया। श्री रामलीला कमेटी एवं श्री राम नाटक क्लब के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों सहित बडी संख्या में राम भक्तों नें ध्वज स्थापना कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इसी के साथ आज रात से रूद्रपुर की सबसे प्राचीन एवं भव्य रामलीला की शुरूआत हो जायेगी। ध्वज पूजन के बाद श्रीरामलीला कमेटी के संरक्षक तथा किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ व समस्त पदाधिकारियों ने आरती वंदन किया। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि श्रीरामलीला मंचन की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। 20 सितंबर को रात्रि 9 बजे मुख्य अतिथि मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम, कल्याणी व्यू जी के महंत स्वामी श्री नारायण चौतन्य ब्रहम्चारी महाराज जी के कर कमलों द्वारा शुभारंभ किया जायेगा। इसके बाद नारद मोह की लीला का मंचन किया जायेगा। श्रीराम नाटक क्लब के डायरेक्टर गौरव राज बेहड़ ने बताया कि इस वर्ष की रामलीला मंचन में मर्यादा पुरषोत्तम प्रभु श्रीराम जी का किरदार मनोज अरोरा, सीताजी की भूमिका में गौरव जग्गा निभायेंगें। लक्ष्मण का किरदार में गौरव राज बेहड़, रावण के किरदार में विशाल भुड्डी तथा बजरंग बली हनुमान जी का किरदार सुशील गाबा निभायेंगें। इसी प्रकार गणेश जी की भूमिका में आशीष ग्रोवर आशु, विश्वामित्र और बूढ़ा मारीच की भूमिका में मोहनलाल भुड्डी, मेघनाद के रोल में रमन



अरोड़ा, भरत एवम श्रवण की भूमिका में पुलकित बांबा, राजा जनक, केके और केवट की भूमिका में अनिल तनेजा, केकई की नरेश छाबड़ा, दशरथ की भूमिका में प्रेम खुराना, शत्रुघ्न की भूमिका में सौरभ राज बेहड़, स्वरूपनखा और मारीच की भूमिका में सचिन मुंजाल, अंगद जी की भूमिका में गौरव जग्गा, तारा और कौशल्या की भूमिका में सुमित आनंद, सुमंत और विभीषण की भूमिका में सचिन आनंद, सुग्रीव की भूमिका में मोहन अरोरा, बाली और राजा इंद्र की भूमिका में वैभव भुड्डी, परशुराम की भूमिका में गुरशरण बब्बर शरणी बब्बर, तारा, मंदोदरी वेदवती, कौशल्या की भूमिका में सुमित आनन्द, लखटकिया नरेश, खर, की भूमिका में मनोज मुंजाल, छोटे राम की भूमिका में आशमन अरोरा व छोटे लक्ष्मण की भूमिका में पुरु राज बेहड़ और छोटे अंगद की भूमिका में कनव गंभीर, छोटे हनुमान की भूमिका में ऐश तनेजा एवं आयुष्मान अभिनय करेंगे। जामवंत की भूमिका में रोहित खुराना, नल नील की भूमिका में अग्रिम सचदेवा और सक्षम दुआ कामदेव की भूमिका में हर्ष अरोड़ा, दूषण अभय भुड्डी.. कुंभकरण की भूमिका में अमन गुंबर, सुबाहु की गर्वित मुंजाल, ब्रह्मा जी की भूमिका में नीतीश धीर, काला देव और जोकर पार्टी की भूमिका में भूमिका में रामकृष्ण कनौजिया, कुक्कू शर्मा, गोगी नरूला और इदरीस गोला की टीम की टीम एवं राम दल के सेनापति के रूप में आयुष्मान सुशील गाबा अभिनय करेंगे। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के संरक्षक तथा विधायक तिलक राज बेहड़,अध्यक्ष पवनअग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर, समन्यवयक नरेश शर्मा,विजय जग्गा,सुभाष खंडेलवाल, राकेश सुखीजा, रघुवीर अरोरा, अमित अरोरा बोबी, राजकुमार छाबड़ा, हरीश अरोरा, महावीर आजाद, देवीशंकर अग्रवाल टिल्लू, ओम प्रकाश अरोरा, चन्द्र प्रकाश, गौरव तनेजा, हरीश सुखीजा, राज कुमार कक्कड़, अमित चावला, आशीष मिड्ढा,विजय विरमानी,मनोज गाबा, जगदीश टंडन,अशोक गुंबर,गुरशरण बब्बर, राजेन्द्र ग्रोवर,नरेश छाबड़ा मौजूद थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# चुनाव आयोग पर संदेह

पारदर्शिता लोकतंत्र का जीवन है। जनता की ओर से प्रश्न उठना भी लोकतंत्र में एक स्वाभाविक और जरूरी प्रक्रिया है। साथ ही संदेहों और सवालों के जवाब अगर समय पर सामने आ जाएं, तो इससे देश में लोकतांत्रिक जड़ें मजबूत ही होंगी। मगर कई बार राजनीतिक उठा-पटक के बीच धुंध जब ज्यादा गहरी हो जाती है, तब विश्वास का संकट खड़ा होने की आशंका उपजती है। इस लिहाज से देखें तो लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से पिछले कुछ समय से मतदाता सूची में हेरफेर को लेकर जिस तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं, वे अब बहस का मुद्दा बन चुके हैं और आम लोगों के सामने एक तरह के ऊहापोह की स्थिति बनती जा रही है। ऐसे में जरूरी यह है कि चुनाव आयोग अपने स्तर पर सामने आकर इससे उपजे सभी तरह के संदेहों को दूर करे, ताकि मतदान की प्रक्रिया को लेकर विश्वसनीयता का संकट खत्म हो। गौरतलब है कि गुरुवार को राहुल गांधी ने एक बार फिर मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने को लेकर सवाल उठाया और कर्नाटक में आलंद निर्वाचन क्षेत्र का हवाला देते हुए कहा कि वहां किसी ने गलत तरीके से 6,018 वोट हटाने की कोशिश की। मगर इस क्रम में चूंकि खुद बूथ-स्तरीय अधिकारी के संबंधी का वोट भी हट गया था, इसलिए उसकी जांच के बाद सिरे खुलते गए, जो बेहद चिंताजनक थे। महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में भी ऐसा ही मामला देखा गया। जाहिर है, मतदाता सूची से वैध मतदाताओं का नाम हटाने का यह आरोप बेहद गंभीर है और इसकी व्यापक जांच होनी चाहिए। मगर इस मसले पर निर्वाचन आयोग की ओर से फिर से एक संक्षिप्त जवाब आया कि इस तरह मतदाताओं का नाम हटाने को लेकर लगाए गए आरोप गलत और आधारहीन हैं। कुछ समय पहले भी जब राहुल गांधी ने कर्नाटक में ही फर्जी मतदाताओं को सूची में जोड़ने का आरोप लगाया था, तब भी मुख्य चुनाव आयुक्त ने उसे खारिज कर दिया था। सवाल है कि मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम फर्जी तरीके से जोड़ने या फिर हटाने के इस समूचे मामले को अब जिस तरह देखा जा रहा है, क्या आयोग के संक्षिप्त जवाब से इससे संबंधित आशंकाओं का निराकरण हो सकता है! दरअसल, जरूरत इस बात की है कि निर्वाचन आयोग इस मामले की व्यापक और निष्पक्ष जांच करा कर इससे संबंधित तथ्य जनता को उपलब्ध कराए, ताकि आम लोगों का विश्वास लोकतंत्र को मजबूती देने की प्रक्रिया में बना रहे।

# राज्यपाल ने राजभवन के कार्मिकों को किया सम्मानित

## राज्यपाल ने 'सेवा, संकल्प और समर्पण के चार वर्ष' कॉफी टेबल बुक का किया विमोचन

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में "सेवा, संकल्प और समर्पण के चार वर्ष" शीर्षक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। यह कॉफी टेबल बुक, राजभवन सूचना परिसर द्वारा राज्यपाल के चार वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित है। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल ने 15 सितम्बर को उत्तराखण्ड के राज्यपाल के रूप में चार वर्ष पूर्ण किए हैं। यह कॉफी टेबल बुक राज्यपाल के प्रेरणादायक विचारों के साथ-साथ उनके मिशन, एआई टेक्नोलॉजी, शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, युवाओं के मार्गदर्शन एवं अन्य सामाजिक विषयों पर केंद्रित है। कार्यक्रम में राज्यपाल के चार वर्षों के कार्यकाल पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया।इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित भी किया। विशेष रूप से, राजभवन में 23 वर्षों से अधिक समय तक निष्ठा और समर्पण के साथ



कार्य करने वाले कम्पट्रोलर श्री प्रमोद चमोली को "लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड" से सम्मानित किया गया। लंबे समय तक विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने राजभवन के गृहस्थ अनुभाग का संचालन और आयोजन व्यवस्थाओं में उत्कृष्ट प्रबंधन और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। राज्यपाल ने कहा कि श्री चमोली ने अपनी सेवाओं से प्रशासनिक कार्यप्रणाली में अनुशासन, दक्षता और पारदर्शिता को भी सुनिश्चित किया है। उन्होंने अन्य सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार आपके कार्य के प्रति ईमानदारी, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वे इसी लगन और निष्ठा के साथ आगे भी कार्य करते रहें। राज्यपाल ने कहा कि सम्मानित अधिकारी एवं कर्मचारी अन्य सभी के लिए प्रेरणादायक उदाहरण हैं।राज्यपाल ने कहा कि राजभवन पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करता है जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशैली बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी श्री कौशल किशोर शुक्ल, अपर सचिव श्रीमती रीना जोशी, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी राजभवन डॉ. महावीर त्यागी एवं डॉ. ए.के. सिंह, चिकित्सा अधिकारी आयुष राजभवन डॉ. पंकज बच्चस के अलावा राजभवन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# त्योहारी सीजन से पहले उत्तराखंड में जीएसटी की संशोधित दरें जारी

देहरादून (उद संवाददाता)।वित्त विभाग ने राज्य में प्रमुख उपभोक्ता सामान और सेवाओं पर 22 सितंबर से लागू होने वाली जीएसटी की संशोधित दरें जारी कर दी है। ज्यादातर सेवाओं और वस्तुओं की जीएसटी दरों में कमी होने से त्योहारी सीजन से उपभोक्ताओं भारी राहत मिलेगी। सचिव वित्त दिलीप जावलकर ने बताया कि जीएसटी परिषद की 56 वीं बैठक में लिए गये निर्णयों के क्रम में केन्द्र सरकार द्वारा दिनांक 17.09.2025 को कर दर निर्धारण सम्बन्धी विभिन्न अधिसूचनाएं जारी की गयी है। इसी क्रम में उत्तराखण्ड राज्य द्वारा भी दिनांक 18.09.2025 को विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर दरों को निर्धारित किये जाने सम्बन्धी अधिसूचनाएं जारी कर दी गयी हैं। इन अधिसूचनाओं के माध्यम से कर की दरों में किया गया परिवर्तन दिनांक 22.09.2025 से लागू होगा। इस परिवर्तन से आच्छादित समस्त वस्तुओं की कीमतों में कमी आएगी। इससे उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति बढ़ेगी, जिससे वस्तुओं की मांग में वृद्धि होगी तथा व्यापार व्यवसाय को प्रोत्साहन मिलेगा। कर की दरों के सरलीकरण का सीधा लाभ आम जनता को प्राप्त होगा तथा इससे दीर्घकालिक रूप में अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा। इसका उद्देश्य आम जनता, विशेष रूप से निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के लोगों को अधिकतम लाभ पहुंचाना है तथा इन कर सुधारों से किसान एवं व्यापारी भी लाभान्वित होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश में जीएसटी दरों में भारी कमी कर दी है। इसी क्रम में राज्य में भी 22 सितंबर से नई जीएसटी दरों को लागू किया जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं को राहत मिलने के साथ ही अर्थव्यवस्था में भी तेजी आएगी।

# विकाय योजनाओं के क्रियान्वयन में लायें तेजी: धामी

## राज्य स्तरीय दिशा समिति की बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों की प्रगति की भी गहनता से की गई समीक्षा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय, देहरादून में राज्य स्तरीय दिशा समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में कृषि, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, पर्यावरण एवं खेल से जुड़ी योजनाओं की कार्यवाही पर विस्तार से चर्चा की गई।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग शीघ्र इसका लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता, जवाबदेही और विभागों के बीच आपसी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बल दिया कि राज्य को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए लगातार ठोस और सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीकी युग में योजनाओं की निगरानी और सफल संचालन हेतु आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि सूचनाओं की त्वरित उपलब्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करने से योजना क्रियान्वयन की गति में उल्लेखनीय सुधार होगा। किसानों, गरीबों, महिलाओं और युवाओं तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुँचाने के लिए सभी विभागों द्वारा समन्वित प्रयास करना आवश्यक है।कृषि और ऊर्जा क्षेत्र पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा आधारित पंपों की स्थापना की गति तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को न केवल सिंचाई के साधन सुलभ होंगे बल्कि सौर ऊर्जा के



उपयोग से दीर्घकालिक रूप से ऊर्जा आत्मनिर्भरता भी प्राप्त होगी। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत शेष गांवों को शीघ्र सड़क सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क संपर्क किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला है, और राज्य के दुर्गम इलाकों में निवास कर रहे लोगों की सुविधाओं तथा आर्थिक अवसरों के विस्तार के लिए यह आवश्यक है।बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों की प्रगति की भी गहनता से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि युवाओं और महिलाओं के लिए कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यमिता योजनाओं को और प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि राज्य के हर नागरिक के जीवन स्तर में सार्थक सुधार हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं की सफलता के लिए शासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय जनता की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे नियमित रूप से जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर योजनाओं की प्रगति साझा करें और लोगों को इनसे अधिकाधिक लाभान्वित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता जनता की सुविधा और सुख-सुविधा है, और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभागों को पूरी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता से कार्य करना होगा।बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद श्री नरेश बंसल, डॉ. कल्पना सैनी, विधायकगण सहदेव सिंह पुण्डीर, श्रीमती रेनू बिष्ट, सुरेश गढ़िया, शक्तिलाल शाह, हरीश धामी एवं श्री मनोज तिवारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रमुख सचिव एल. फैनई, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, सचिव श्रीमती राधिका झा, नितेश झा,बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम, एस.एन. पांडेय, आर. राजेश कुमार, धीराज गर्ब्याल, श्रीधर बाबू अद्दांकी, युगल किशोर पंत, रणवीर सिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष भी बैठक में सम्मिलित हुए।

# अंडर 11 और अंडर 14 विकासखंड स्तरीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ

## शक्तिफार्म में खेल महोत्सव का आगाज

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। स्कॉलर वैली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सितारगंज के क्रीड़ा मैदान में शुक्रवार को खेलों का उल्लास और बच्चों का जोश देखते ही बनता था। दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय अंडर-11 और अंडर-14 बालक-बालिका मिनी





क्रीड़ा प्रतियोगिताएं बड़े उत्साह और पारंपरिक खेल भावना के साथ शुरू हुईं। खेल मैदान में बच्चों की टोलियां, दर्शकों की तालियां और लगातार गूंजता उत्साह, माहौल को किसी खेल महोत्सव से कम नहीं बना रहा था। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी पलविंदर सिंह (पूर्व ब्लॉक प्रमुखा के पति) और विद्यालय के प्रबंधक ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। इस दौरान बच्चों की परेड और मैदान में उनकी सजीव उपस्थिति ने समारोह में अलग ही रंग भर दिया। पहले दिन की शुरुआत दौड़ प्रतियोगिताओं से हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। 50 मीटर दौड़ में बालक वर्ग के अक्षय यादव ने और बालिका वर्ग में शिवानी ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग के विराट मेवाड़ी और बालिका वर्ग की प्रतिभा साना विजयी रहीं। 400 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में पियूष पाल और बालिका वर्ग में सोनाली जोरदार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। दौड़ के अलावा खो-खो, कबड्डी, और लंबी कूद जैसी पारंपरिक और आधुनिक खेल प्रतियोगिताओं ने भी प्रतियोगिता को रोमांच से भर दिया। मैदान में बच्चों की फुर्ती, रणनीति और जज्बे ने हर किसी को प्रभावित किया। उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों ने पूरे समय खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। ब्लॉक खेल समन्वयक निर्मल सरकार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में सिसौना, कल्याण नगर, बिरिया और नानकमत्ता न्याय पंचायतों से चयनित सैकड़ों खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यहां से विजेता खिलाड़ी विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने सभी निर्णायकों से अपील की कि वे निष्पक्ष और खेल भावना के अनुरूप प्रतियोगिताओं का संचालन सुनिश्चित करें। कार्यक्रम का संचालन पंकज राय और खिलानंद अटवाल ने किया, जबकि निर्णायक मंडल के साथ विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी खुनिमाई चंद माझी, बलवीर सिंह, रामजन्म चौहान, दिनेश चौहान, पुष्पेंद्र कटिहार, वीरेंद्र सिंह तोमर, अजय क्वीरा, अनिल श्रेष्ठ, विजन बिहारी, खिलेंद्र चौहान, जनार्दन सिंह, दिनेश तिवारी, नवीन पांडे, पवन कुमार और संजीव कुमार दास की उपस्थिति और सहयोग प्रतियोगिता की सफलता में अहम रहा।

# इंदिरा कालोनी में नारद मोह के साथ रामलीला का मंचन शुरू







रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन का बड़ी धूमधाम के साथ शुभारंभ हुआ। प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि , गदरपुर ब्लॉक प्रमुख पति और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रीत ग्रोवर एवं प्रभु श्री राम जी का अभिनय करने वाले कनाडा से पधारे गौरव अरोरा द्वारा किया गया। पंडित शुभम शर्मा द्वारा विधिवत रूप से पूजा करवाई गई उपरांत फीता काटकर प्रभु श्री राम जी की लीला का शुभारंभ किया गया, उनके साथ मयंक कक्कड़ ,वार्ड न 34 के पार्षद स इंद्रजीत सिंह, पूर्व पार्षद सतनाम सिंह, सुमित छाबड़ा,नरेश राजपूत, दीपक देवल, गोलु, विशु मक्कड़, राजेंद्र सैनी, डिंपी ग्रोवर, अमन सिंह एवं साथ में श्री शिव नाटक क्लब के सरपरस्त हरबंस लाल ठुकराल, मुलखराज सुखीजा, रमेश गुलाटी, नरेश शर्मा, सुरेश राजदेव, राजकुमार खुराना, अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महामंत्री राजकुमार भुसरी, कोषाध्यक्ष बबलू घई आदि उपस्थित थे मंच संचालन विजय कक्कड़ 'जॉली' ने किया। श्री शिव नाटक कप के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों को अंग वस्त्र पहनाकर एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया एवं भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। प्रभु राम की लीला के मंचन के प्रथम दिन नारद मोह की सुंदर लीला का मंचन किया गया जिसमें नारद का अभिनय सनी कक्कड़ ,इंद्र का विशाल गुंबर ,विष्णु सौरभ भुसरी ,लक्ष्मी अंश मुंजाल, शीलनिधि अभिनव अनेजा, ब्रह्मा विशांत भसीन एवं शिवजी का संदीप सिंह द्वारा बहुत ही सुंदर अभिनय किया गया। आज रात्रि रावण वेदवती संवाद, मातृ पितृ भक्त श्रवण कुमार, श्रवण मरण की लीला का मंचन होगा। श्री शिव नाटक क्लब के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा ने सभी राम भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन का अवलोकन करने की अपील की है।

## आइकॉन नर्चरिंग इनोसेंस प्रीस्कूल में हिंदी दिवस समारोह धूमधाम से संपन्न

रुद्रपुर।आइकॉन नर्चरिंग इनोसेंस प्रीस्कूल, रुद्रपुर में हिंदी दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें कविता पाठ, भाषण और श्रुतलेख प्रतियोगिता विशेष आकर्षण रहे। संस्थान के निदेशक तरुण कश्यप ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान




की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने बच्चों से हिंदी के प्रचार-प्रसार और सम्मान की दिशा में संकल्पित रहने का आह्वान किया। छात्र-छात्राओं ने हिंदी की महिमा पर प्रेरणादायक भाषण और कविताएं प्रस्तुत कर उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। श्रुतलेख प्रतियोगिता में प्रिषा अरोरा, मिशा फ्रांड, गरिमा राणा और अनिरुद्ध त्यागी प्रथम स्थान पर रहे। वैदेही पांडे, रियांशी आर्य और अरनव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रिषा बोहरा और दीपांशी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिकाओं द्वारा किया गया। अंत में विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## न्याय पंचायत स्तरीय सामाजिक विज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिद्धा में न्याय पंचायत स्तरीय सामाजिक विज्ञान महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ ग्राम पंचायत सिद्धा की ग्राम प्रधान रंजीत कौर द्वारा किया गया। महोत्सव में 3 गतिविधियां कराई गई। मॉडल प्रतियोगिता में दीपिका आर्या राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुनखरी कला एवं भाषण प्रतियोगिता में मानवी



राणा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुनखरी कला तथा क्विज प्रतियोगिता में प्रिया मित्र राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिद्धा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। तीनों प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राएं 23 सितंबर 2025 को विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।संकुल समन्वयक जसौद मेहता ने इन बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए समस्त अतिथियों एवं उपस्थित शिक्षकों तथा समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का अभिवादन करते हुए बच्चों को प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने के लिए कुंवर सिंह राणा, खजान सिंह , नरेंद्र गुप्ता गोवी लाल, सुमनलता मंडोला, ललिता मिश्रा,दया शंकर शर्मा रहे।

## किसान के परिवार को कुख्यात अपराधी से जान माल का खतरा

किच्छा/रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना क्षेत्र निवासी एक किसान परिवार ने कुख्यात अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति जगदीश सिंह उर्फ जग्गी के खिलाफ पुलभट्टा थानाध्यक्ष को तहरीर देकर जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर अनुसार उनका परिवार एक साधारण कृषक परिवार है, जबकि आरोपी जगदीश सिंह का आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर वर्ष 2017 में रामनगर क्षेत्र में पुलिस पर जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज है। किसान ने आरोप लगाया है कि वह अवैध तस्करी और उगाही में भी संलिप्त रहता है।तहरीर में कहा गया है कि जगदीश सिंह लंबे समय से प्रार्थी के पिता बलविन्दर सिंह से फिरौती की मांग कर रहा था। रूपये न देने और पुलिस में शिकायत करने पर आरोपी ने 17, 18 और 19 जून को फोन पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि 13 सितम्बर 2025 को आरोपी अपनी कार में तीन अज्ञात साथियों के साथ बिलासपुर-रुद्रपुर हाईवे पर पहुंचा और बलविन्दर सिंह व उनकी पत्नी की गाड़ी रोककर गाली-गलौज की। इसी दौरान बलविन्दर सिंह पर अवैध असलहे से फायर कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका उपचार फिलहाल रुद्रपुर स्थित नारायण अस्पताल में चल रहा है और हालत नाजुक बनी हुई है।घटना के संबंध में थाना बिलासपुर, जिला रामपुर में पहले ही मुकदमा दर्ज हो चुका है। परिजनों का आरोप है कि अब आरोपी जगदीश सिंह उर्फ जग्गी लगातार घर आकर धमकियां दे रहा है और कानूनी कार्रवाई से रोकने का प्रयास कर रहा है। इससे पूरे परिवार में दहशत का माहौल है।पीड़ित परिवार ने पुलभट्टा पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो किसी बड़ी वारदात से इनकार नहीं किया जा सकता।

## पेज एक का शेष...

**कलेक्ट्रेट में गरजे ..**करते रहे है। जो अब नहीं चलेगा। बंगाली समाज अपने अधिकारों के लिए पूरी तरह से जागरूक हो चुका है। वक्ताओं ने कहा बंगाली समाज अपने अधिकारों की रक्षा और न्यायोचित मांगों को पूरा कराने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगा। सभा को शक्तिफार्म से पधारें गुरू रामचन्द्र राय, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी, महासचिव नारायण हलदार,ममता हलदार, तरूण दत्ता, परिमल राय, चन्द्रशेखर गांगुली,तारक बाछाड़ सहित अनेक वक्ताओं ने सम्बोधित किया। इस दौरान बंगाली समाज के एक शिष्ट मंडल ने तहसीलदार से मुलाकात कर उन्हे मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में प्रियजीत राय, संजीत खान, अभिमन्यु साना, भास्कर मण्डल, विजय सिकदार, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, सुमित राय, एसपी सरकार, सुभाष व्यापारी, आशुतोष राय, विकास मल्लिक, कालीपद महलदार, मधुसूदन सरकार, उत्तम आचार्य, समीर राय, अर्जुन विश्वास,उमा सरकार, लक्की राय,अंकिता, मलीना विश्वास, मोनिका ढाली, सुशील मंडल, निंत्यानंद मंडल, पार्वती, शकुन्तला, अंजलि, पूजा, सीमा, सविता, सरोराय, नरेश साना, प्रभाष स्वर्णकार, अनादि रंजन मंडल, नित्यानन्द मंडल,डा. जगदीश मंडल, त्रिनाथ विश्वास, शंकर चक्रवर्ती, मनोज राय, जीवन राय, रोहित मंडल, सुरंजन राय, संजय विश्वास, महापद राय, सुमित मंडल, रामचंद्र राय, गोविंद तालुकदार, शंभू साना, संजय बाछाड़, प्रियजीत राय, उत्तम आचार्य, संजीत खान, देवू मंडल, कृष्णपद मंडल, रविंद्र विश्वास, नकुल बक्शी, रविंद्र सिंह, विष्णु प्रमाणिक, विक्की मंडल, राजा हालदार, मिथुन पहाड़, प्रकाश राय, मानस बैरागी, संबल सरकार, संजीव दे, सुकुमार वैद्य, प्रशांत मंडल, विरंची पद वाईन, रवि मजूमदार, देवाशीष पोद्दार, मधुसूदन सरकार, सुमंत विश्वास समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। **सरकार बदलनी हैं के नारे से आया गुस्सा :** बंगाली समाज द्वारा कलैक्ट्रेट परिसर में किए जा रहे धरना प्रदर्शन के दौरान एक व्यक्ति द्वारा धरना स्थल पर यह नारा लगाने से कि जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी है। मौके पर हंगामे की स्थिति हो गई। समाज के वरिष्ठ नेताओं ने स्पष्ट किया कि ये आंदोलन पूरी तरह से गैर राजनीतिक है। इसलिए कोई भी व्यक्ति सरकार के पक्ष या विपक्ष में नारेबाजी बिल्कुल न करे। उन्होंने नारे लगाने वाले व्यक्ति पर गहरा गुस्सा भी दिखाया।

**नन्हीं परी को न्याय...**गया था। इस घटना से लोगों के मन में काफी गुस्सा था।पुलिस ने नन्हीं परी का शव मिलने के करीब आठ दिन बाद मुख्य आरोपी अख्तर अली को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया था। उसकी निशानदेही पर दो और आरोपियों प्रेमपाल और जूनियर मसीह को भी पकड़ा गया था। मार्च 2016 में हल्द्वानी की एडीजे स्पेशल कोर्ट ने अख्तर अली को गैंगरेप और हत्या का दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई। प्रेमपाल को पांच साल की सजा दी गई। वहीं तीसरे आरोपी को बरी कर दिया। अक्टूबर 2019 में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने निचली अदालत के इस फैसले को बरकरार रखा। लेकिन सुप्रीम कोर्ट से मुख्य आरोपी बरी हो गया है। इसी को लेकर लोगों के मन में रोष पढ़ने लगा था और कांग्रेस पार्टी इसका राजनीतिक लाभ लेने के फिराक में थी।

**सीएम ने नंदानगर में ...** उपलब्ध कराई जाएगी। जनजीवन को जल्द से जल्द सामान्य करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल तात्कालिक राहत ही नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी आपदाओं से बचाव के लिए स्थायी समाधान और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी काम किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दीर्घकालिक योजना तैयार कर जोखिम क्षेत्रों की पहचान की जाए और आपदा पूर्व तैयारियों को और सुदृढ़ किया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, आपदा प्रबंधन की टीमें, और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। सभी ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के सुचारू संचालन के लिए आपसी समन्वय और तत्परता पर जोर दिया।

**लव जिहाद पर रामनगर...**खोजी और पुलिस को सूचना दी। पुलिस व परिजन मिलकर किशोरी को युवक के घर से बरामद करते हैं। इसके बाद मामले की बारीकी से जानकारी सार्वजनिक हुई और हिंदूवादी संगठनों में नाराजगी बढ़ गई।इन संगठनों के प्रतिनिधियों ने कोतवाली पहुंच कर हंगामा करते हुए आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर में ऐसे कई कोचिंग सेंटर हैं जहाँ इस तरह के मामलों के लिए आशंका बनी हुई है। उन्होंने सभी कोचिंग केंद्रों की पुलिस एवं प्रशासनिक जांच कराने की मांग की ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएँ न हों। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की पूरी जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिकायतकर्ता एवं पीड़िता की

**लान दिलाने के ...**के लोग बीच-बचाव करने पहुंचे तो उनके साथ भी गाली-गलौच की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद सलीम खान के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी और एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**ताबड़तोड फायरिंग से ..**रहा था। मार्ग में पहले से घात लगाकर बैठे कुछ युवकों ने ईदगाह गेट मजार के पास रिजवान को देखते हुऐ पिस्टल से सीधे फायरिंग कर दी । गोली उसके कन्धे के पास से निकल कर ईदगाह के गेट पर लगी। जिसके बाद रिजवान जान बचाकर घर तरफ भागा। बताया जाता है कि हमलावरों ने रिजवान का मस्जिद के बडे गेट तक पीछा किया। इतने में आस पड़ोस के लोगो ने हल्ला किया तो ये लोग फायरिंग करते हुऐ मौके से रेशमबाडी दूधिया नगर की तरफ भाग गये। बताया जा रहा है कि जिसके बाद हमलावरों को साहिल ईदगाह मस्जिद के पास मिल गया तो उन्होने उसके उपर पिस्टल की बट से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। जिसे साहिल लहूलुहान बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। हमलावर साहिल को मरा हुआ छोड़कर मौके से फरार हो गयें। मामले की जानकारी तत्काल पुलिस को दे दी गई। साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये। रिजवान के भाई नजीर पुत्र लईक अहमद ने पुलिस को मामले की तहरीर दे दी है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि हमलावरों पर पूर्व में कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## कुत्ते के काटने से गाय, बछिया की मौत, मालिक पर मुकदमा

सितारगंज(उद संवाददाता)।दूध बेचकर परिवार का भरण पोषण करने वाली विधवा महिला की गाय, बछड़ी को पागल कुत्ते ने काट लिया। जिसकी शिकायत करने महिला कुत्ते के मालिक के पास पहुंची। कुत्ते के मालिक ने महिला के साथ गाली गलौज की उपचार के दौरान मवेशियों की भी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम पिंडारी निवासी भजन कौर ने पुलिस को दी शरीर में आरोप लगाया है कि गांव में बेअंत सिंह और उसका पुत्र जबर सिंह खतरनाक विदेशी कुत्तों को पालता है। जो आरोपियों की लापरवाही से पागल हो गया। जिसे आरोपियों ने खुला छोड़ दिया। 30 जुलाई की सुबह पागल कुत्ते ने उसकी दुधारू गाय और बछिया को काट लिया। पागल कुत्ते ने अन्य पशुओं को भी काटा। पीड़िता का आरोप है कि महिला जब इसकी शिकायत करने आरोपियों के घर पहुंची तो उन्होंने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद महिला मवेशियों का इलाज कराती रही। 25 अगस्त को उसके दोनों मवेशियों की मौत हो गई। डॉक्टर ने पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मवेशियों के शरीर में रेबीज की पुष्टि की गई है। महिला ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की । पुलिस ने मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## डिप्लोमा फार्मेसिस्ट का अधिवेशन कल

रूद्रपुर। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन जिला उधम सिंह नगर शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन एवं नवीन कार्यकारिणी का चुनाव कल 21 सितम्बर को सिटी क्लब सभागार में प्रात: 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष बीएन बेलवाल ने बताया कि अधिवेशन के मुख्य अतिथि सीएमओ डा. केके अग्रवाल, विशिष्ठ अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती सुधा कुकरेती एवं प्रांतीय महामंत्री डा. सतीश पाण्डेय होंगे।


**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राईविंग लाईसेंस सं. UK0620130070375 में मेरा नाम Shidul Shikh S/0 Azeer Ali shikh दर्ज है। अब मैंअपना नाम Sahidul Isiam Shaikh S/0 Uzir Ali Shaikh लिखता हूॅ। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

साहिदुल इस्लाम शेख पुत्र श्री अजीर अली शेख निवासी- वार्ड नं. 2 दिनेशपुर, जिला उधमसिंहनगर



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# धामी ने खटीमा कैम्प कार्यालय में सुनी समस्याएं

## अधिकारियों को दिए समस्याओं के समाधान के निर्देश, कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत





खटीमा(उद संवाददाता) ।उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार की सायं अपने निर्धारित कार्यक्रमानुसार खटीमा पहुंचे। मुख्यमंत्री का हेलीपैड व कैंप कार्यालय, लोहियाहेड पर आगमन होते ही क्षेत्र में उल्लास और उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम जनता ने अपने लोकप्रिय नेता का गर्मजोशी से स्वागत किया। जगह-जगह मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं और नारे लगाए। मुख्यमंत्री धामी ने पहुंचते ही कैंप कार्यालय में आमजन से भेंट की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि उनकी हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मौके पर मौजूद अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता के मुद्दों को अनदेखा न किया जाए और पारदर्शी व तेजी से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की सेवा और विकास कार्यों को गति देने के लिए निरंतर काम कर रही है। मुख्यमंत्री के स्वागत और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी मौजूद रहे। इनमें जिला अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, नानकमत्ता से प्रेम सिंह टूरना, रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा, जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, शैलेन्द्र मोहन सिंघल, गुंजन सुखीजा, सतीश गोयल, जीवन धामी, किशन किन्ना, भुवन भट्ट, अमरजीत सिंह और रविन्द्र राणा शामिल रहे।प्रशासनिक स्तर पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जयकिशन, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी डॉ. उत्तम सिंह नेगी और उप जिलाधिकारी तुषार सैनी समेत कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। स्थानीय निवासियों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को फूल-मालाओं पहनाकर और जोरदार नारेबाजी कर उनके प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। महिलाओं और युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भागीदारी की। मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर कहा कि जनता का विश्वास और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि खटीमा हमेशा से उनका घर रहा है और यहां की जनता का प्रेम उन्हें ऊर्जा देता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में चल रही विकास योजनाओं को गति देना सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित के कामों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री के दौरे से क्षेत्र में नई उम्मीद और ऊर्जा का संचार हुआ है। स्थानीय लोगों ने उनके नेतृत्व में राज्य को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का विश्वास जताया।










# तीन पानी डाम के पुनर्निर्माण को मिली सीएम की मंजूरी

## महापौर विकास शर्मा के आग्रह पर मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल हुआ निर्माण कार्य

रुद्रपुर। क्षेत्रवासियों के लिए लंबे समय से परेशानी का सबब बने तीन पानी डाम और पुलिया के पुनर्निर्माण का रास्ता अब साफ हो गया है। महापौर विकास शर्मा के प्रयासों के फलस्वरूप मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस महत्वपूर्ण कार्य को अपनी घोषणा में शामिल कर लिया है। जल्द ही शासन को प्रस्ताव भेजकर निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।खटीमा कैंप कार्यालय में महापौर विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की और रुद्रपुर नगर की विभिन्न जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान महापौर ने वार्ड नंबर एक, फुलसुंगा क्षेत्र में स्थित तीन पानी डाम की बदहाल स्थिति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि यह डाम पिछले कई वर्षों से जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था में है, जिससे बरसात के दौरान जलनिकासी में भारी दिक्कतें आती हैं।



परिणामस्वरूप, सड़कों पर जलभराव हो जाता है और आसपास की कॉलोनियों के साथ-साथ कई घरों में भी पानी घुस जाता है।महापौर ने जानकारी दी कि हाल ही में हुई भारी वर्षा के चलते डाम और पुलिया की हालत और भी बदतर हो चुकी है। वर्तमान में केवल दोपहिया वाहन ही इस पुलिया से गुजर पा रहे हैं, जिससे आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।इस गंभीर समस्या को सुनने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उक्त डाम और पुलिया के पुनर्निर्माण कार्य को मुख्यमंत्री घोषणा में सम्मिलित करने की मंजूरी दी। साथ ही मौके पर मौजूद जिलाधिकारी नितिन भदौरिया को निर्देश दिए कि वे शीघ्र इस कार्य का विस्तृत प्रस्ताव शासन को भेजें, ताकि जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू किया जा सके।महापौर विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि तीन पानी डाम और पुलिया का पुनर्निर्माण कार्य लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इसके बनने से हजारों की आबादी को जलभराव जैसी समस्या से मुक्ति मिलेगी और क्षेत्र में यातायात सुगम हो सकेगा।


